तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 8 सितंबर 2024

13 ऐसी पढ़ाई करें कि हम नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि देने...

14 नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन ने किया शिक्षकों...




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24

**पर्व : शनिवार को जोर-शोर से हुई गणेश उत्सव की शुरुआत, 11 दिनों तक रहेगा उत्साह का माहौल**

# आटो, ट्रैक्टर सहित अनेक वाहनों से पहुंचे विघ्नहर्ता, घरों के साथ पंडालों में विराजे





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

11 दिनों तक चलने वाले श्री गणेश उत्सव की शनिवार को शुरुआत हो गई। उत्सव के पहले दिन शनिवार को नगर सहित ग्रामीण अंचल में दिनभर उत्साह का माहौल रहा। इस दिन विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। लोगों ने अपने घरों के साथ ही जगह-जगह बनाए गए सार्वजनिक पंडालों में भी भगवान गजानन की प्रतिमा स्थापित की। नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में शामिल बाजार चौक, बस स्टेण्ड शिव चौक, नयापारा, शांतिनगर, शीतला चौक के साथ गली मोहल्ले और घर घर में गणपति जी की स्थापना हुई।

### सुबह से ही प्रतिमाओं को स्थापना स्थल तक पहुंचाने का जारी रहा सिलसिला

**11 दिन होंगे विविध कार्यक्रम**

ग्यारह दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव के दौरान हर्षोल्लास के साथ नगर सहित ग्रामीण अंचल में चारों तरफ लाइट सजावट और धार्मिक धुनों की गूंज सुनाई देगी। जो गणेश उत्सव समितियों ने लोगो की मनोरंजन के लिए रिकार्डिंग डांस, नृत्य, धार्मिक जगराता जैसे विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किए जायेंगे।



**सशिमं जगन्नाथपुर में स्थापित की गई श्री गणेश की प्रतिमा**

लाटाबोड़। शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में लोकेश मिश्रा के सानिध्य में सिद्धि विनायक शिक्षण समिति के पदाधिकारी एवं विद्यालय के भैया बहनों द्वारा विधिविधान से भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस अवसर पर डॉ. एससी हरदेल, राजेंद्र जेठमल, खिलानंद गिलहरा, रेखलाल देशमुख, धनंजय साहू, खेमिन साहू, रीतु पिस्दा एवं प्रधानाचार्य ताराचंद साहू सहित समस्त आचार्य एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

सुबह से ही नगर में बाजे-गाजे और और आतिशबाजी के साथ उत्साह पूर्वक भगवान गणेश की प्रतिमाओं को स्थापना स्थल तक ले जाने का सिलसिला प्रारंभ शुरू हो गया, जो देर रात तक चलता रहा। वहीं, दूर दराज वाले गांव के भक्तों ने एक दिन पहले ही भगवान गणेश की प्रतिमा को लाकर रख लिया था। इस अवसर पर भक्त अपने साधन के अनुसार ट्रैक्टर, रिक्शा, पिकअप, दुपहिया वाहनों से प्रतिमा ले जाते दिखाई दिए, जो आस्था के रंग में रंगे नजर आ रहे थे। भगवान गणेश की स्थापना को लेकर भक्तों ने कई दिन पहले से ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पंडाल बनाने के लिए तैयारी जोर शोर से प्रारंभ कर दी थी।

**खबर संक्षेप**



## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में रोहित व अनामिका का चयन

**डोंडी।** विवेकानंद हाई स्कूल की कक्षा 8वीं के छात्र रोहित का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। रोहित जगदलपुर में 8 से 11 सितंबर तक आयोजित खेल फुटबाल के अंडर 14 बालक वर्ग में शामिल होंगे। उनका चयन विगत दिनों संभाग स्तरीय ट्रायल में उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इससे पहले कक्षा 9वीं की छात्रा अनामिका धुर्वा का चयन अंडर 17 बालिका राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ था। अनामिका हाल ही में सरगुजा में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटी हैं। दोनों विद्यार्थियों के राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर संचालन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों, पालक समिति के अध्यक्ष और सदस्यों, संस्था प्रमुख एसआर यादव, शिक्षक एचके लेनपांडे, नेमीचंद, नेताम सर, ममता ठाकुर, भुवनेश्वरी साहू, चित्ररेखा, संगीता सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## छत्तीसगढ़ गोंड़वाना गोंड़ महासभा की बैठक आज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 8 सितंबर को 11 बजे सिवनी स्थित गोंडवाना भवन में रखी गई है। इस अवसर पर सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडी, डौंडीलोहारा, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील ईकाई के अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष व महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी से शामिल होने का आग्रह किया है।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ में जिला स्तरीय गोष्ठी आज

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय गायत्री प्रज्ञा पीठ में 8 सितंबर रविवार को दोपहर 12 से जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी में आगामी 21 से 24 दिसंबर को होने वाले जिला स्तरीय इन्क्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ डौंडीलोहारा के समिति गठन एवं भव्य आयोजन पर चर्चा की जाएगी। वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विभिन्न स्कूलों में 19 अक्टूबर को सम्पन्न होने वाले भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024- 25 की ⏭ शेष पेज 13 पर

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के कामता प्रसाद ने जीते तीन स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

- नेपाल के पोखरा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मिली उपलब्धि
- 10 व 5 किमी और 15 सौ मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक
- श्रीलंका, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के खिलाड़ियों को पछाड़ा



जिले के ग्राम कसौंदा निवासी एथलीट कामता प्रसाद साहू ने अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश के साथ ही पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। पोखरा नेपाल में 31 अगस्त से 4 सितंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कामता प्रसाद साहू ने 45 वर्ष प्लस वर्ग में 10 किलोमीटर दौड़, 5 किलोमीटर और 15 सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ऐसा करने वाले कामता प्रसाद साहू पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इस प्रतियोगिता में उन्होंने श्रीलंका, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए तीन स्वर्ण पदक जीत कर भारत देश का नाम ऊंचा किया है। कामता प्रसाद साहू के मार्गदर्शक युवा सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रहास साहू ने बताया कि कामता प्रसाद एक गरीब परिवार से हैं। लेकिन वे अपनी मेहनत के बल पर मजदूरी करके एक बड़े खेल की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**कलेक्टर-एसपी ने दी बधाई-** बता दें कि कामता प्रसाद युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक्स के सभी पदाधिकारी बालोद जिला के कलेक्टर पुलिस अधीक्षक जिला के सीईओ जनपद के सीईओ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गांव के सरपंच और ग्रामीण जनों ने उनके शानदार जीत के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## पेंशनर समाज गुरुर की बैठक 9 को

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 9 सितंबर को दोपहर 1 बजे से पेंशनर भवन तहसील गुरुर में रखी गई है। तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, वार्षिक सदस्यता की समीक्षा, प्रांगण के फर्शीकरण पर विचार, नये सदस्यों का अभिनन्दन, शिक्षक स्मृति दिवस पर विचार, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही स्वर्गवासी पेंशनरों को श्रध्दांजलि दी जाएगी।

## औरी में बहनों ने एक जगह बैठकर खाया करूभात...



**जामगांव आर।** तीज पर्व पर ग्राम औरी में सामूहिक रूप से करूभात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में तीज पर्व पर मायके आई माताएं और बहनें उत्साह के साथ शामिल हुईं। इस अवसर पर दूरदराज के गांवों व अन्य शहरों से आए बहनों की सहेलियों से मुलाकात हुई। इससे उन्होंने बचपन की यादों को किया ताजा और कहा करू भात में ममता की बहुत मिठास है। बहनों ने आयोजक भाईयों के दी दिल से दुआएं दीं।



**ग्राम घुमका में गूंजा राम नाम**

बालोद। ग्राम घुमका में तीज के अवसर पर शिव मानस परिवार घुमका द्वारा दो दिवसीय अखंड रामायण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियों ने भाग लिया।

# कोटवार को हटाने लामबंद हुए मेढ़की के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

- मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जिला मुख्यालय से 3 किमी दूरी पर स्थित ग्राम मेढ़की के ग्रामीण कोटवार को हटाने के लिए लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने कोटवार को हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम मेडकी के कोटवार द्वारा गांव के हृदय स्थल पर स्थित हनुमान मंदिर के परिसर में खुलेआम शराब का सेवन करने का फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, जिसके बाद ग्रामीणों में कोटवार के खिलाफ जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। इस संबंध में बालोद तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा कोटवार के खिलाफ आवेदन और फोटो दिया गया है। इस मामले पर जांच की जाएगी। जांच में सही पाए जाने पर कोटवार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने कोटवार द्वारा हनुमान मंदिर में खुलेआम शराब का सेवन करने पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। वहीं, ग्राम मेढ़की के ग्रामीणों ⏭ शेष पेज 13 पर

**जिम्मेदारों की अनदेखी से बिखरी अव्यवस्था और उठे सवाल**

# सरकारी अहाता बंद, अवैध चखना दुकानों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

नगर में संचालित देशी शराब दुकान के पास सरकारी चखना दुकान बंद होने के बाद बड़ी संख्या में अवैध चखना दुकान संचालित हो रहे हैं। इनसे सरकार को कोई राजस्व नहीं मिल रहा है, लेकिन जिनके संरक्षण में अवैध कारोबार फलफूल रहा है, उन पर आरोप जरूर लग रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने नगर की देशी शराब दुकान के पास अहाता की नीलामी की थी। ठेकेदार ने अहाता प्रारंभ भी कर दिया था, लेकिन आरंभ से ही नगर में अवैध चखना दुकानों की भरमार होने के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा। आखिर उन्होंने अहाता का संचालन बंद कर दिया। इससे सरकार को लाखों रूपए के राजस्व का नुकसान हो गया।

लेकिन, सरकार को लाखों के राजस्व का नुकसान होने के बाद भी सरकारी अहाता को पुनः आरंभ करने गंभीरता से प्रयास नहीं किए गए। वहीं, शराब दुकान के पास अवैध चखना दुकानों का संचालन अब भी लगातार जारी है।

इन अवैध कारोबारियों में से एक ने तो पक्के मकान में अंदर बैठकर पीने पिलाने की व्यवस्था भी कर दी है, जहां दिनभर भीड़ रहती है। वहीं, आधा दर्जन अवैध चखना दुकानों में भी कुर्सी टेबल की व्यवस्था देखी गई है।



**आसपास लगा कचरे का अंबार**

उधर, अवैध चखना दुकानों के कारण शराब दुकान के आस पास कचरे का अंबार लग गया है। प्लास्टिक गिलास एवं पानी पाउच का कचरा पूरे मैदान में फैला पड़ा है। उस पर भी अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है, जबकि सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय पर प्रतिबंध है, लेकिन कभी जिम्मेदार इस पर अंकुश लगाते नजर नहीं आते।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### नाले में गिरे मवेशी को निगम अमले ने निकाला

**रायपुर**। विधानसभा मार्ग पर आमासिवनी क्षेत्र के पास एक मवेशी नाले में गिर गया। इसकी सूचना मिलते ही नगर निगम की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन एवं रस्सी की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद मवेशी को काऊकैचर वाहन से गोठान भेजा गया।

### रावणभाठा मैदान में दिखेंगी रामायण कालीन सभ्यता की सुंदर कलाकृतियां

**रायपुर**। राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक दशहरा खेल मैदान रावणभाठा में रामायण कालीन सभ्यता की जानकारी लोगों को अब सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से भी होगी। इसके लिए मैदान में चबूतरों एवं बाउंड्रीवॉल की दीवारों पर सुंदर कलाकृतियां आर्ट वर्क से उकेरी जा रही हैं। यह कलाकृतियां दशहरा पर्व के दिन रावणभाठा मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पहुंचने वाले हजारों लोगों को देखने को मिलेंगी।

### बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य शुरू

**रायपुर**। रावणभाठा मैदान में पहुंचने वाले खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों के लिए बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बैटमिंटन कोर्ट के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है।

### शिकायत के बाद मोहल्ले में फॉगिंग

**रायपुर**। टाटीबंध बिजली ऑफिस मोहल्लेवासी मच्छरों के प्रकोप से परेशान थे। नगर निगम जोन में कई बार शिकायत करने के बाद भी मच्छरों पर नियंत्रण के लिए मोहल्ले में फॉगिंग नहीं की जा रही थी। कॉलोनीवासी राजबिंदर सिंह ने थक हारकर इस समस्या की शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की, जिसके एक दिन बाद ही उसके मोहल्ले में निगम कर्मचारियों की टीम ने फॉगिंग करते हुए लोगों को मच्छरों से राहत पहुंचाई।

### विद्युत बचत एवं अक्षय ऊर्जा पर कैट की कार्यशाला




**रायपुर**। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमैन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, वासु माखीजा, महामंत्री सुरिंदर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट एवं सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में विद्युत बचत व अक्षय ऊर्जा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के कार्यक्रम संयोजक मोहन वल्यानी थे।

### अंगदान विषय पर सेमीनार शिविर में कराई जांच

रायपुर। सांदीपनी एकेडमी अछोटी दुर्ग में गुरुवार को सीजी चिकित्सालय रायपुर के सहयोग से महाविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. मनीष एस. श्रीवास्तव वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं डॉ. रश्मि राठौर दंत सलाहकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आतीश साहू दंत सलाहकार एवं सीजी चिकित्सालय रायपुर की आठ सदस्यों की टीम उपस्थित थी। साथ ही सांदीपनी एकेडमी अछोटी नर्सिंग प्राचार्य प्रो. आकांक्षा रानी गॉटलिब, शिक्षा विभाग से प्राचार्य डॉ. स्वाति श्रीवास्तव, सुधीर तिवारी एवं समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।शिविर में कुल 112 लोगों का पंजीकरण कर सभी की जांच की गई।

# सीएसआर फंड से बने पब्लिक टॉयलेट की दुर्गति, तीन साल से सरोना में ताला बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल व जोन के 110 स्टेशनों में पब्लिक टॉयलेट तो बना दिया, लेकिन इसका संचालन अभी कई जगहों तक शुरू नहीं कर पाया है।

सरोना स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट पर तीन साल से ताला लटका हुआ है, जो अब बिना उपयोग के खराब हो रहा है। रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दे चुका है, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, एक टॉयलेट बनाने में 8 लाख खर्च किया गया है। यहां पर पुरुषों के साथ महिलाओं व दिव्यांग जनों के लिए अलग से शौचालय बने हैं। इसके अलावा चलने के लिए रैंप भी बनाया जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

### दो साल में तीन बार किया टेंडर

जोन व मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए तीन साल से अधिक हो चुका है, लेकिन इसके संचालन के लिए सरोना में अभी तक केवल तीन बार ही टेंडर जारी किया था। एजेंसी नहीं मिलने से जिम्मेदारों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनाया था, लेकिन शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। कुछ महीने पहले रायपुर स्टेशन में टॉयलेट का संचालन शुरू हुआ है।

**मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट, प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च**





### खराब हो रही मशीन, मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। तीन सालों से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप में लगे टाइल्स भी टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में सैनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।

## अफसरों ने कहा - शिकायत होने पर करेंगे कार्रवाई

# गणेशोत्सव समितियों ने ताक पर रखी गाइडलाइन, सड़क तक सजाया पंडाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेशोत्सव समितियों के लिए हर साल गणेश उत्सव के दौरान प्रशासन द्वारा गाइड लाइन जारी की जाती है। इस बार भी गाइड लाइन जारी की गई है।

इस गाइड लाइन में समितियों को निर्देशित किया गया है कि मुख्य सड़क के किनारे पंडाल नहीं लगाकर कम से कम 50 मीटर दूर में पंडाल लगाएं, ताकि यातायात पर इसका प्रभाव नहीं पड़े और सुगम व सुचारू रूप से सड़क पर आवागमन हो सके। इस निर्देश के बाद भी शहर में समितियों ने किनारे से लेकर सड़क तक पंडाल सजा लिए हैं। इन पंडालों के कारण उन मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी रहेगी, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इधर प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि पंडाल के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित होने की शिकायत पर संबंधित समिति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### खानापूर्ति कार्रवाई

एक ओर जहां प्रशासन के निर्देश की समितियां खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नियमों का उल्लंघन कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि किसी भी समिति के खिलाफ शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में प्रशासन को तात्यापारा चौक के पास मुख्य सड़क तक लगे एक पंडाल को हटाकर किनारे भी कराया गया है। हालांकि यह कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति है, क्योंकि शहर में ऐसे थोक में पंडाल हैं, जो सड़क तक लग चुके हैं। इन पंडालों के कारण अब इन मार्गों पर 11 दिनों तक आम लोग ट्रैफिक समस्या से जूझते रहेंगे।



### इन इलाकों में सड़क तक सज चुके हैं पंडाल

शहर में शहर की कई प्रमुख एवं व्यस्त सड़क मार्ग पर पंडाल लगाए गए हैं। इनमें रेलवे स्टेशन, लाखेनगर, पुलिस लाइन रोड, रामसागरपारा सहित अन्य कई प्रमुख इलाके हैं, जहां समितियों ने मुख्य सड़क तक पंडाल लगा लिए हैं।

### 26 बिंदुओं पर जारी गाइड लाइन, पालन कुछ निर्देशों का

गणेशोत्सव के लिए प्रशासन ने इस बार समितियों के लिए 26 बिंदुओं पर गाइड लाइन जारी की है। प्रशासन ने गाइड लाइन में शामिल सभी निर्देशों का पालन करने समितियों से अपील भी की है, लेकिन इस अपील का समितियों पर खासा असर दिखाई नहीं दे रहा है। समितियों मुख्य सड़क से 50 मीटर दूर पंडाल लगाना छोड़ सड़क तक पंडाल सजा लिए हैं। इनमें शहर के कई प्रमुख सड़कें भी हैं, जहां पंडाल लगाकर उन्हें सजाने का काम समितियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा 55 डेसिबल साउंड सिस्टम भी प्रतिबंधित किया गया है, बावजूद भगवान गणेश की मूर्ति को पंडालों में विराजित करने के दौरान शुक्रवार को समितियों ने 55 डेसिबल से ज्यादा आवाज करने वाले डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग किया गया।

### गाइड लाइन में शामिल प्रमुख बिंदु

- पर्यावरण को लेकर एनजीटी के नियमों करना होगा पालन
- गणेश पंडालों में सुरक्षा की दृष्टि से लगाने होंगे सीसीटीवी कैमरे
- मूर्ति एवं पंडाल की समिति को स्वयं से करनी होगी सुरक्षा
- घर के बाहर मूर्ति स्थापना के लिए नगर निगम और संबंधित थाना को सूचना देना अनिवार्य
- 55 डेसिबल से ज्यादा आवाज वाले साउंड सिस्टम प्रतिबंधित
- पंडाल सड़क के किनारे नहीं लगाना है। ट्रैफिक जाम होने की स्थिति में होगी कार्रवाई
- रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि यंत्र बजाना प्रतिबंध
- साउंड सिस्टम लगाने के लिए वाहन का स्वरूप बदलने पर रोक
- मूर्ति विसर्जन 20 सितंबर तक। इसके बाद मूर्ति विसर्जन करने पर होगी कार्रवाई
- झांकी विसर्जन के दौरान अस्त्र-शस्त्र का उपयोग-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

# इंटर स्टेट बस टर्मिनल की व्यवस्था सुधारने बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- बैठक में पुलिस, परिवहन, निगम, बस ऑपरेटर यूनियन से जुड़े लोग शामिल

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में यात्री सुविधाओं के साथ ही बसों की आवाजाही तथा पार्किंग व्यवस्था सुधारने शुक्रवार को बस ऑपरेटर यूनियन के साथ पुलिस, परिवहन तथा निगम अफसरों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण लिए गए। साथ ही पुलिस अफसरों ने बस ऑपरेटरों को अपराधिक तत्व के लोगों को नौकरी पर नहीं रखने के साथ ही एजेंटों की सूची देने के लिए निर्देशित किया है।

बस ऑपरेटर यूनियन के साथ बैठक एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर किया गया। बैठक में बस ऑपरेटर, एजेंट के साथ ही स्थानीय पार्षद के अलावा 50 से ज्यादा लोग शामिल हुए। बैठक में यात्रियों से अवैध उगाही न करने, अवैध पार्किंग न करने, असमाजिक तत्वों का अवैध जमवाड़ा, वाहन चालकों द्वारा निर्धारित स्थान में न रहकर कहीं भी रहना सो जाना, बैरियर से पैसा की वसूली शिकायत, यात्री छोड़ने व ले जाने वालों से अवैध वसूली न करने, काउंटर में किराया सूची का प्रकाशन गुमास्ता एवं आरटीओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र चस्पा करने, बस संचालकों व ऑपरेटरों की कर्मचारी सूची प्रदाय करने, बस स्टैण्ड परिसर में नशा खोरी न करने, यात्रियों से दुर्व्यवहार न करने के निर्देश दिए गए।

*इन स्थानों में बस पार्क नहीं करने के निर्देश : ट्रैफिक पुलिस ने बस ऑपरेटरों को संतोषी नगर अंडर ब्रिज के दोनों तरफ तथा पचपेड़ी नाका के पास सवारी उतारने चढ़ाने के लिए बस नहीं खड़ी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय से पहले बस स्टैंड में बस नहीं लगाने, बस के समय की सूची देने, पूर्व में ट्रेवल्स एजेंटो को जारी आईडी कार्ड धारण करने व अवैध ट्रेवल्स एजेंटो को संरक्षण नहीं देने, वैध ट्रेवल्स एजेंटो की सूची प्रदान करने, लंबे समय से खड़ी वाहनों के मालिकों से वाहनों को हटाने, अपराधिक प्रवृति के लोगों को पनाह नहीं देने, ऑल इंडिया परमिट के बसों को अपने स्वयं के स्थल में बस खड़ी करने तथा ओवर लोडिंग करने से बचने कहा गया।*

- जिन छात्रों ने दो दिन पूर्व की थी मारपीट, उन पर ही हंगामे का आरोप

# आधी रात साइंस कॉलेज हॉस्टल में बवाल झगड़े के बाद थाने पहुंच गए दो दर्जन छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार मध्यरात्रि के बाद 2 से 3 बजे के मध्य फिर से यहां हंगामा हुआ। साइंस कॉलेज के मेजर गोरे छात्रावास की यह घटना है।

- एनएसयूआई-एबीवीपी फिर आमने-सामने

एनएसयूआई के जिन छात्रों के खिलाफ दो दिन पूर्व एफआईआर दर्ज की गई थी, उन्हीं छात्रों पर फिर से मारपीट का आरोप लगा है। आरोप है कि एनएसयूआई के जिला सचिव राहुल महाजन और उनके अन्य साथियों द्वारा रात्रि 2:30 बजे नशे की हालत में छात्रावास में जबरन घुसकर छात्रों के साथ मारपीट की गई और अभद्र गालियां दी गईं।

इस घटना से आक्रोशित लगभग 20 से 30 छात्र तड़के 4 बजे सरस्वती नगर थाने का घेराव करने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने छात्रों की शिकायत लिखी।

### हास्टलर्स नहीं, फिर भी कैसे घुसे

एनएसयूआई के जिन दो छात्रों पर मारपीट और हंगामे के आरोप लगे हैं, वे हॉस्टल के छात्र नहीं हैं। इसके बाद भी वे हॉस्टल में कैसे घुसें, यह गंभीर विषय है। गौरतलब है कि इसी सप्ताह एबीवीपी के सदस्यता अभियान के दौरान दोनों



पक्ष के मध्य मारपीट हुई थी। दोनों ही पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर एफआईआर करवाई गई थी। कई छात्रों को गंभीर चोटें आई थी। इसके बाद भी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



### पानी पीने आए थे छात्र

छात्र गणेश मूर्ति लेकर राजिम से लौटने के बाद पानी पीने के लिए छात्रावास गए थे। इस दौरान किसी गलतफहमी के कारण बहस की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे आपसी सहमति से तुरंत सुलझा लिया गया। - **शांतनु झा**, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

### शिकायत वापस लेने दबाव

छात्रों संग मारपीट करने के बाद दबाव बनाया जा रहा है कि वे अपनी शिकायत वापस लें। दो दिन के अंतराल में यह मारपीट की दूसरी घटना है। - **प्रथम राव फुटाने**, रायपुर प्रभारी

- पत्रकार वार्ता में नए प्रदेश अध्यक्ष ने दी जानकारी

# घासी घसिया समाज चुनाव के बाद अब जाति प्रमाणपत्र बनवाने में देगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज के बिखराव को खत्म करने के लिए पहली बार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए 3 सितंबर को बिलासपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी घसिया समुदाय ने खुद को मजबूत करने के लिए समाज का चुनाव किया। इसमें जीतने के बाद अब समाज की अगवाई में प्रदेश स्तरीय समस्या के रूप में हर वर्ग के लिए काम किया जाएगा। जाति प्रमाण बनवाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने की बात भी प्रदेश अध्यक्ष सचिन खरे ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कही।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोना, कोषाध्यक्ष गोपाल नायक ने संयुक्त रूप से बताया कि हर जिले में समाज को जोड़ने के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों का भी गठन किया जाएगा। इसमें महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और कर्मचारी प्रकोष्ठ के माध्यम से




समाज को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। श्री खरे ने बताया कि समाज के नाम पर खाता खोला जाएगा। इसमें 10 लोगों को शामिल किया जाएगा। समाज का झंडा तैयार किया जाएगा। कई ऐसे बिन्दु हैं, जिनको लेकर आगामी दो महीने में विचार करके अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए जमीनी स्तर पर रणनीति बनाकर काम शुरू किया जाएगा।

# रिक्त पदों पर भर्ती, फिजिकल टेस्ट 16 से

**रायपुर**। छग नगर सेना विभाग द्वारा 1715 रिक्त पदों पर महिला छात्रावास एवं 500 रिक्त पदों पर सामान्य ड्यूटी के लिए पुरुष-महिला नगर सैनिकों की भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से प्रदेश के 4 संभागीय मुख्यालयों में संपादित की जानी है। इनमें रायपुर संभाग के जिले रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार में महिला छात्रावास के लिए 450 महिला तथा महिला एवं पुरुष सामान्य ड्यूटी के लिए 200 नगर सैनिकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से 4 अक्टूबर तक केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैंप में होगी। उक्ताशय की जानकारी डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## जवाहर बाजार की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने कमिश्नर से की चर्चा

# स्मार्ट बाजार का आवंटन 2022 में किराया 2019 से मांग रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जवाहर बाजार की दुकानों के किराया को लेकर दुकान संचालकों और नगर निगम के बीच फंसा पेंच सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले को लेकर जवाहर बाजार संघ के व्यापारी छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा से मिले। इस दौरान व्यापारियों ने मांग की है कि जिस दिन से दुकानें आबंटित की गई हैं, उसी दिन से किराया भी लिया जाएगा। व्यापारियों ने इसके अलावा काम्पलेक्स में लिफ्ट लगाने सहित अन्य प्रस्तावित काम को भी जल्द से जल्द कराने की मांग की। कमिश्नर ने व्यापारियों की मांगों को लेकर आश्वस्त किया है कि उनकी मांगे पूरी करने लिए नियम के तहत प्रयास करेंगे। जवाहर बाजार काम्पलेक्स के निर्माण के बाद दुकानों के निर्माण के साथ आबंटन की प्रक्रिया वर्ष 2019 से शुरू हुई थी, वहीं वर्ष 2021 में दुकानों में बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई, जबकि वर्ष 2022 में व्यापारियों को दुकानें आबंटित की गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि दुकानें जिस तारीख से आबंटित की गईं, उस दिन से किराया निगम द्वारा लिया जाना चाहिए, जबकि वर्ष 2019 से किराया मांगा जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।




### एमआईसी-सामान्य सभा में प्रस्ताव नहीं लाने पर व्यापारी हुए नाराज

इधर निगम कमिश्नर ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि इस संबंध में पहले एमआईसी और सामान्य सभा में प्रस्ताव लाया जाएगा। पारित होने के बाद प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। कमिश्नर के इस आश्वासन पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से व्यापारियों को नोटिस जारी कर दो वर्ष पहले का किराया मांगा जा रहा है, लेकिन उनकी मांग को लेकर प्रस्ताव एमआईसी या सामान्य सभा में लाया नहीं गया है। ऐसे में प्रस्ताव कैसे पारित होगा।

### 15 दिन के बाद फिर बैठक

चैंबर अध्यक्ष अमर परवानी ने कहा कि बैठक में 6 बिंदुओं पर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर 15 दिन के अंदर निराकरण करने की मांग की है। इसके बाद भी निराकरण नहीं किया गया, तो अधिकारियों के साथ दोबारा बैठक करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, उपायुक्त विनोद पांडे, स्मार्ट सिटी से अंशुल शर्मा, जोन 4 अध्यक्ष अरुण ध्रुव सहित व्यापारियों में राम प्रजापति भरत अजवानी, सुभाष बजाज, सुशील कृष्णानी, अविनाश मेठानी, लवी रहेजा, रिझुमल बजाज, जगदीश गुडवानी, अशोक डेंबानी, इंदर जेवानी आदि उपस्थित थे।

# नौ विमानतलों पर डिजी यात्रा की शुरुआत, रायपुर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने शुक्रवार को रायपुर समेत देश के नौ विमानतलों में डिजी यात्रा की शुरुआत की। इस सिस्टम के उपयोग से यात्रियों को जांच में अतिरिक्त वक्त नहीं लगाना होगा। रायपुर विमानतल में पिछले दो माह से इस सुविधा को ट्रायल में रखा गया था, जिसका उपयोग 10 प्रतिशत यात्री कर रहे हैं।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री द्वारा रायपुर के अलावा भुवनेश्वर, कोयंबटूर, डाबोलिम (गोवा), बागडोगरा, रांची, पटना और विशाखापट्नम से इसकी शुरुआत की। देश में दो दर्जन एयरपोर्ट इस सुविधा से लैस है और 55 लाख विमान यात्री डिजी यात्रा का



उपयोग कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इससे हवाई अड्डे में प्रवेश के लिए अब 15 सेंकड के बजाए पांच सेंकड में वक्त लग रहा है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में में 25 से डिजी यात्रा ट्रायल पीरियड पर है। विशाखापट्टनम से इस वर्चुवल उद्घाटन के लिए रायपुर विमानतल में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विमानतल के निदेशक डा. एसडी शर्मा के नेतृत्व में डिजी यात्रा का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

## खबर संक्षेप



### वृद्धाश्रम में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

दुर्ग। इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दुर्ग के तत्वाधान में वृद्धाश्रम पुलगांवमें वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको मेडिकेटेड मच्छरदानी, हेल्थ कार्ड, चश्मा वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ मनोज दानी, डॉ सीबीएस बंजारे जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ खुशी जैन, दिलीप ठाकुर, लक्की दुबे, कमल तिवारी, समरेश पटेरिया, विवेक कापरे, धीरज इंगले, नीलू सिंह, सीता राम ठाकुर एवं मेडिकल टीम तथा वृद्धाश्रम के कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीएवी मॉडल कॉलेज में शिक्षकों का किया सम्मान



दुर्ग। आर्य शिक्षा समिति द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन डी ए वी मॉडल कॉलेज दुर्ग के कम्युनिटी हॉल में किया गया। इस अवसर पर आर्य शिक्षा समिति दुर्ग द्वारा संचालित महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक शाला, मठपारा, महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक शाला कोहका, महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक शाला गयानगर, डीएवी मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल आर्यनगर दुर्ग, डीएवी मॉडल कॉलेज बीएड पाठ्यक्रम आर्यनगर के समस्त प्राचार्यगण प्रधान पाठिकाओं, शिक्षकगण तथा सहायक प्राध्यापकगण को सम्मान राशि एवं श्रीफल भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल द्वारा की गई। उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# पेंशनर कल्याण संघ की बैठक में सदस्यता पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

## शिकारी पारा बालोद में हुई छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक





छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारी पारा बालोद में जिला अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति अभियंता अशोक कुमार चंद्राकर थे। विशेष अतिथि शिक्षा विभाग नरोत्तम दास साहू, वन विभाग रोहित साहू से नए सदस्य एवं आरके साहू जनपद पंचायत से सेवा निवृत विकास विस्तार अधिकारी थे। बैठक में प्रमुख रूप से नए सदस्यों के लिए पंजीयन प्रपत्र का वितरण कर वार्षिक शुल्क की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सदस्यता अभियान के लिए संगठन के पदाधिकारियों के साथ भ्रमण कार्यक्रम तय किया गया। जिला सचिव पीएल देशमुख ने बताया कि मुख्य अतिथियों के द्वारा चार प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता जैसे ज्वलंत मुद्दों पर त्वरित निराकरण की मांग रखी गई। इस पर अध्यक्ष ने प्रांतीय अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर से चर्चा कर अवगत कराया कि जल्द ही कर्मचारियों एवं पेंशनरों को डीआर मिलने वाली है। भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के द्वारा दुर्ग संभागीय सम्मेलन में उपस्थित सांसद विजय बघेल द्वारा दिए गए वक्तव्य पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को देय तिथि से महंगाई भत्ता, लंबित एरियर्स जैसे मुद्दों के निराकरण से संबंधित पत्र से अवगत कराया गया।

पेंशनर पूरन लाल पटेल एवं उषा बाई के रुके हुए पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधकों गुरुर एवं बालोद से संपर्क कर निराकरण हेतु कार्यवाही की गई। दिवंगत पेंशनर स्व धरम दास साहू, स्व नोखेलाल देशमुख, स्व सुरेंद्रनाथ योगी एवं स्वर्गीय सरोज दास को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में संघ के सक्रिय सदस्य पुरूषोतम देशमुख, आईएन योगी, बीआर बेलसर, अमृत सोनी, जितेंद्र आर्य, दयालु राम यादव, पुराणिक पटेल, पूरनलाल पटेल, पन्नालाल साहू सहित अनेक पेंशनर उपस्थित थे।

**उदासीनता : पिछले साल का टारगेट अब तक पूरा नहीं, सैकड़ों की नींव नहीं रखी**

# छह हजार में 1100 सौ की स्वीकृति उसमें भी सिर्फ 117 शौचालय ही बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

## गांव में कैसे होगा स्वच्छता का अभियान पूरा, मॉनिटरिंग का भी अभाव

दुर्ग। स्वच्छता भारत मिशन के तहत गांव गांव में शौचालय की सुविधा दिए जाने का ढिंढोरा लंबे समय से पीटा जा रहा है। लेकिन अभी तक जिले में व्यक्तिगत शौचालक की सुविधा लोगों को सरकारी सिस्टम से नही मिल पाई है। वर्ष 2023 में 6 हजार शौचालन बनाने का टारगेट रखा गया था। जिसमें महज 1106 की ही स्वीकृति मिली है। इसमें भी अब तक सिर्फ 117 शौचालय ही बन पाए है।

जानकारी अनुसार जिले में 308 ग्राम पंचायत के अधीन 381 गांव है। इसमें 31 मार्च 2024 तक 9177 व्यक्तिगत शौचालय पूर्ण हो चुके है। वित्तिय वर्ष 2023-24 को छः हजार शौचालय बनाने का टारगेट तय किया गया था। जिसमें राज्य स्तर से 1106 शौचालय बनाने की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन शौचायल निर्माण में डेढ साल से अधिक समय हो चुके है और हालात यह है कि, 1106 की स्वीकृति में सिर्फ 117 शौचालय पूर्ण हुए है। जबकि 324 शौचालय प्रगतिरत बताए जा रहे है। इस तरह स्वीकृति मिलने के बाद भी प्रशासनिक उदासीनता के कारण शौचालय बनाने में डेढ साल गुजर गए और सरकारी सुविधा लोगों नही मिल पाई है।

**खास बातें**

- स्वच्छत मिशन के तहत करना हैं निर्माण
- मानिटरिंग नही होने से नही बन पाए शौचालय
- 12 हजार की मिलती है सहायता राशि
- इस साल नहीं दिए गए नये टार्गेट



### जिले में 665 शौचालय की शुरूआत ही नहीं

जिला पंचायत के विगत जून माह के आंकडे के अनुसार स्वीकृति किए गए 1106 शौचालय में 665 शौचालय का निर्माण साल बीतने के बाद भी शुरू नही हो पाया है। पिछले साल मिले टारगेट को पूरा नही किए जाने के कारण वर्ष 2024 में नया टारगैट भी नही मिल पाया हैं। इस तरह वर्ष 31 मार्च 2024 तक 9177 शौचालय पूण हैं, वही अगर 1106 शौचालय पूर्ण कर करीब 10283 शौचालय बन जाना था। लेकिन बने सिर्फ 9294 शौचालय है।

### मिलती है बारह हजार रूपए की राशि

केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में महात्मा गांधी की जयंती पर इस अभियान की शुरूआत की गई थी। जिसका मकसद गांव-गांव में शौचालय निर्माण कर स्वच्छता की अलग जगानी थी। इसके लिए प्रत्येक शौचालय बनाने पर बारह हजार की भी राशि दी जाती है। जानकारी अनुसार शौचालय निर्माण पर नजर रखने के लिए जीओ टैगिंग भी किया जाना है। जानकारी अनुसार शौचालय का जिला पंचायत को जीओ टैगिंग करना है, जिसमें 853 अपूर्ण है, जबकि 8441 का जीओ टैगिंग किया जा चुका है।

# ऐसी पढ़ाई करें कि हम नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि देने वाले बन सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा



प्रियदर्शनीय हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगर पंचायत अर्जुंदा के छात्र–छात्राओं के लिए स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच बालोद चंद्रहास साहू थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी पाना नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वयं का स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापित कर के हम नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें। अगर शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी पाना होगा, तो हमारे देश और समाज में नौकर ही पैदा होंगे, मालिक नहीं। इसलिए हमें आत्मनिर्भरता की ओर भी एक कदम सोच को बढ़ाना चाहिए। उसके बाद छात्र छात्राओं को स्वदेशी जागरण मंच के बारे में भी बताया गया कि हम अपने देश के अंदर निर्मित स्वदेशी सामान को ही दुकान से खरीदें विदेशी सामान को बिल्कुल ना खरीदे ताकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान ना हो।

लायबॉय साबुन को उदाहरण देकर समझाया कि वह एक विदेशी साबुन है जो अंग्रेज लोग अपने कुत्ते को नहलाने के लिए खरीदते थे, इसलिए हमारे देश के अंदर जो स्वदेशी साबुन बनते है जैसे संतूर और शिंथाल साबुन, निरमा को खरीदेंगे, जिससे हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सके।दानेश्वर प्रसाद साहू स्वावलंबी भारत अभियान बालोद जिला के समन्वयक ने बताया कि इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के प्राचार्य जीएल सिन्हा, सीएस सोनी, एच साहू, डीपी डडसेना, एनसी साहू, एमएल साहू, एस देवांगन, एन कुर्रे एवं अन्य शिक्षक और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फेडरेशन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



दुर्ग। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को देय तिथि से मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन स्वीकृत करने के मुद्दों पर फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विजय बघेल सांसद को ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, जिला संयोजक-विजय लहरे, महासचिव एवं प्रवक्ता अनुरूप साहू, राकेश साहू प्रांतिय महामंत्री छ.ग. प्रादेश शिक्षक फेडरेशन, पंकज राठौर, गौरीशंकर रावना एवं लक्ष्मण यादव उपस्थित थे। उक्त जानकारी फेडरेशन के प्रावक्ता अनुरूप साहू ने दी है।

# 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई में आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार योगा 14, 17 व 19 बालक-बालिका, बाक्सिंग 14, 17 व 19 बालक-बालिका, टेबल टेनिस 19 बालक-बालिका, जुडो 14,17 व 19 बालक-बालिका, लॉन टेनिस 14,17 व 19 बालक-बालिका और साइकिलिंग (ट्रेक) 14, 17 व 19 बालक-बालिका खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कुल 5 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कुल 980 स्कूली बच्चे भाग लेंगे। जिसके लिए आवास व्यवस्था भिलाई के विभिन्न निजी विद्यालयों में किया गया है। आवास स्थल से खेल मैदान तक परिवहन व्यवस्था भी निजी विद्यालयों के वाहनों द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है। बाक्सिंग खेल सेजस जेआरडी दुर्ग में, लॉन टेनिस खेल मैदान भिलाई निवास के पास सेक्टर 5 में, टेबल टेनिस शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 में, साइकिलिंग जयंती स्टेडियम में, जुडो खेल बीएनएस सेक्टर 8 में और योगा खेल सीनियर सेकंडरी सेक्टर 10 में होना निर्धारित हुआ है। प्रतियोगिता का शुभारंभ माननीय अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में 10 सितम्बर को प्रातः 10 बजे सेक्टर 2 भिलाई विद्यालय में होगा तथा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 13 सितंबर को सुबह 11 बजे भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में होगा।

# स्कूल में नशे के विरुद्ध दिलाई गई छात्रों को शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महर्षि दयानंद आर्य उ.मा. विद्यालय, मठपारा में दुर्ग पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान संकल्प एक युद्ध नशे के विरूद्ध के तहत बच्चों को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नशे से होने वाले दुष्परिणाम, साइबर क्राइम और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के सीएसपी, आईएएस चिराग जैन, ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी संतोष ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, एसडीएम हिरवंश मिरी, टीआई विजय यादव साथ ही आर्य शिक्षा समिति, दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, श्रीमती करुणा गौतम, श्रीमती विजयलक्ष्मी दुबे, श्रीमती तृप्ति चटर्जी, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद थे। संकल्प अभियान के तहत डीएसपी, सीएसपी व एसडीएम ने बच्चों को नशे की लत के कारण हो रही दुर्घटना एवं ट्रैफिक नियमों की जानकारियां दी। अंत में सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के तहत संकल्प दिलाया गया।

- संकल्प एक युद्ध नशे विरुद्ध के तहत कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को दी गई कानून की जानकारी

## स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय चिखलाकसा में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय चिखलाकसा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को नया कानून, किशोर न्याय बोर्ड, पॉक्सो एक्ट, सायबर क्राइम, मोबाइल के उपयोग पर सावधानी आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में विधिक संबंधी कानूनों की जानकारी प्रदान की गई।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार के लिए तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार जिला न्यायाधीश बालोद श्याम लाल नवरत्न, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के निर्देशानुसार, न्यायिक मजिस्ट्रेट व्यवहार न्यायालय दल्ली राजहरा सोनी तिवारी ने जानकारी दी। उक्त अवसर पर थाना प्रभारी सुनील तिर्की, सीनियर अधिवक्ता पवन कुमार गोयल, जगेन्द्र भारद्वाज, रेशमा बनो एवं शाला के प्राचार्य आरके देवांगन, व्याख्याता एमएस, साहू, एमएस नयन, जीआर सोरी, पीके नायक, डी पारकर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सांसद बघेल से रामजी ने की मुलाकात



जामगांव आर। जामगांव आर निवासी रामजी यादव ने सांसद विजय बघेल के जामगांव आर प्रवास के दौरान उनसे मुलाकात की। सांसद विजय बघेल ने उनसे हाल चाल पूछा। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, शाला विकास समिति पूर्व अध्यक्ष मनीष जैन, बूथ अध्यक्ष सीताराम साहू, युधिष्ठिर चंद्राकर सुरेश जैन सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विवाहित महिलाओं के लिए प्लेसमेंट केम्प 13 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर में 13 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 15 पदों पर भर्ती की जाएगी। समस्त पद केवल विवाहित महिलाओं के लिए है। शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित है। आयु सीमा 30 से 45 वर्ष है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची सहित अन्य दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय मालवीय नगर चौक दुर्ग में उपस्थित हो सकते हैं।

## मालवीय नगर चौक में बस स्टॉपेज देने की मांग

दुर्ग। यातायात सुरक्षा की दृष्टि से दुर्ग नगर में बसों का बस स्टैंड से छूटने एवम स्टॉपेज के लिए नए नियम लागू किए जा रहे हैं। जिसकी कवायद शुरू हो चुकी है। नए नियम के अनुसार दुर्ग बस स्टेंड से बस छूटने के बाद सीधे नेहरू नगर चौक में रुकेगी। उसके बाद सुपेला चौक, चंद्रा मौर्य चौक, पावर हाउस चौक, खुर्सीपार चौक में रुकेगी। इस तरह पांच स्थानों में रुकेगी। इस नई व्यवस्था में साधारण संशोधन करते हुए मालवीय नगर चौक में भी बस का स्टॉपेज देने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता एवम नगर निगम दुर्ग के स्वच्छता सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने आयुक्त नगर निगम एवम यातायात पुलिस उप अधीक्षक को पत्र लिखा है।

## चातुर्मास पर किए जा रहे है भजन कीर्तन

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आशाराम बापू की संस्था द्वारा चातुर्मास पर पूरे चार माह घर घर आसारामायण पाठ और भजन कीर्तन किया जा रही है। उसी कड़ी में सपना बहन कोहका में भी पाठ व भजन कीर्तन किया गया। जिसमें साधक शामिल हुए। कार्यक्रम देव शयनी एकादशी से शुरू होकर देव उठनी एकादशी तक चार महा निरंतर चलता रहेगा। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

पेज 11 के शेष...

### कोटवार को हटाने...

द्वारा समस्त ग्रामवासियों की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से कोटवार को पद मुक्त करने का निर्णय लिया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने कोटवार की सेवा समाप्त करने की मांग को लेकर तहसीलदार को सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने कोटवार पद से शीघ्र हटाकर नये कोटवार की पदस्थापना करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पटेल होरी लाल गाजपाल, कमलेश श्रीवास्तव, धनराज साहू, पदुम हिरवानी, अब्रेश हिरवानी, लक्ष्मीनारायण साहू, देवेंद्र साहू, विक्की भारद्वाज, मनोहर साहू, हेमंत साहू, चंदन साहू, अमोल साहू, संतोष पटेल सहित बड़ी सख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**बच्चों के साथ शराब-गांजा पीने का आरोप-** ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को ग्राम मेढ़की में समस्त ग्राम वासियों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को लेकर चर्चा की गई, जिसमें कोटवार द्वारा मंगलवार को हनुमान मंदिर के परिसर में बैठकर सार्वजनिक रूप से शराब का सेवन करते दिखाई दे रहा था। धार्मिक भावना को आघात पहुंचाने से ग्राम में काफी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी कोटवार को नशा खोरी नहीं करने की हिदायत देते हुए पद से हटाने के लिए माफ किया गया था, लेकिन उनके द्वारा लगभग रोजाना शराब पिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि वह छोटे-छोटे बच्चो के साथ शराब गांजा पीता है। इससे बच्चे भी बिगड़ रहे हैं और गांव का माहौल दिन प्रति दिन खराब होता जा रहा है। कोटवार अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर घोर लापरवाही की जा रही है तथा आम नागरिकों के साथ गंदे शब्दों के साथ व्यवहार किया जाता है। उनके व्यवहार आचरण एवं कार्य में लापरवाही करने से कोटवार पद से पृथक करने का निर्णय ग्रामवासियों ने लिया है।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ...

आयोजन पर वृहद प्रचार प्रसार तथा वृक्षारोपण एवं बाल संस्कार शाला के प्रारंभ एवं संगठनात्मक चर्चा की जाएगी। इस आयोजन में मुख्य रूप से विशाल सिंह अठनागर जिला समन्वयक गायत्री परिवार जिला बालोद, दशरथ कलिहारी सह समन्वयक गायत्री परिवार जिला बालोद, भोलाराम साहू ब्लॉक समन्वयक डौंडीलोहारा सहित जिले के सभी प्रभारी एवं परिजन उपस्थित रहेंगे।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर में हुई विविध प्रतियोगिताएं



जामगांव आर। देशव्यापी साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय जामगांव आर द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रैली निकालकर लोगों को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया गया। साक्षर उल्लास कार्यक्रम में प्राचार्य राजेश पिल्लई व प्रभारी चेतना ठाकुर के मार्गदर्शन पर उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के नोडल शिक्षक अनामिका साहू और ललिता देवांगन शिक्षकगण में सेवानिवृत्त आरएस साहू, डीके साहू, संगीता तिवारी, सरजू राम ठाकुर, नंदा सोनी, सटोपेश्वरी सिन्हा, ताम्रध्वज बंजारे, सुशीला निर्मल, केके साहू, एनके धीवर, गौरव मिथिलेश, हेमलता चंद्राकर एवं डोमन लाल साहू भी उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में मना शिक्षक दिवस

**बालोद/कलंगपुर।** शिक्षक दिवस पर मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में शिक्षक दिवस बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ यशवंत साव थे। विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर मंच पर विराजमान रहे। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रमोद भारती, डॉ आशीष द्विवेदी, कमलेश्वर साहू, वंदना धुरव, अंजनी पैंकरा, ममिता साहू, सुमन कश्यप, डॉ आशावरी हिरवे, मयंक साहू, दीक्षा पांडे, दामिनी झा महाविद्यालय के सभी स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस का शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का पुष्प मालाओं एवं गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए चरण वंदन किया। उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने अपने अपने शब्दों से छात्र छात्रओं को आशीषवचन देते हुए. गुरुजनों एवं शिष्यों के बीच के संबंध व व्यावहार के बारे में समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोषण आहार के तहत व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने भाग लिया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

### असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने जीवराखन

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम अकलवारा निवासी जीवराखन साहू को प्रदेश कांग्रेस द्वारा लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए असंगठित



क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी के तहत जीवराखन साहू को प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ का बालोद जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

### शाला प्रबंधन व विकास समिति का किया गया गठन

**जामगांव आर।** महंत पोसुदास शासकीय हाई स्कूल सुरपा के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रमोद जैन ने



शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया। अध्यक्ष प्रमोद जैन सचिव एवं कोषाध्यक्ष प्राचार्य आरके वर्मा, सांसद प्रतिनिधि देवानन्द देवांगन, विधायक प्रतिनिधि रूपचंद देवांगन, सरपंच रेखा बाई साहू को बनाया गया। वहीं, सदस्यों में सती बाई देवांगन, कृष्णा बाई मार्कण्डेय, प्रेमलता बघेल, डोमन धर्मगुड़ी, डाकेश्वर देवांगन, गिरधर धर्मगुड़ी सहित अनेक लोगों को शामिल किया गया है।

**दिवस :** शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन

# शिक्षकों का किया सम्मान, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जहां सभी स्कूलों में विद्यार्थियों ने गुरूजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया, वहीं शासन-प्रशासन के साथ ही विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने भी शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया और अच्छे नागरिक बनाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, विद्या की देवी मां सरस्वती और राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र की पूजा अर्चना की गइ। उसके बाद प्राचार्य एके चौधरी, संलग्न मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक आरआर चंद्राकर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला, केएस कुल्हारे, एम चंद्राकर, शीतल ठाकुर, ओपी साहू, टीआर चंद्रवंशी, केके हिरवानी, अश्वनी साहू, पांडे, केके कोशिमा, हर्ष गुप्ता, चंद्र प्रकाश साहू सहित विद्यालय के सभी गुरुजनों का सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं ने उन्हें प्रतीक चिन्ह लेखनी और श्रीफल प्रदान किया। इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। प्राचार्य एके चौधरी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं गुरुजनों को शिक्षक दिवस और उत्तरोत्तर विकास करने के लिए शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला ने शिक्षक दिवस की महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस आयोजन के लिए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दिए एवं अनुशासित रहकर विद्यालय की गरिमा को बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन छात्र संघ अध्यक्ष हर्ष सोनकर ने किया।





## नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन ने किया शिक्षकों का सम्मान

**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर्व पर शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम कला केंद्र बालोद में आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने डा राधाकृष्णन के शैक्षिक विचारों, गीत, कविता के माध्यम से वैचारिक प्रस्तुति दी। संकुल केंद्र बालक बालोद के सभी स्टाफ शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र, श्रीफल, कलम प्रदान कर, चयनित शिक्षकों को शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण मोमेंटो तथा संस्था प्रमुख प्राचार्यों को बेस्ट स्कूल लीडरशिप अवार्ड मोमेंटो से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले ने कहा कि समाज में अच्छी ताकतों का अभाव होता जा रहा है, ऐसे परिवर्तन के दौर में हमें शिक्षकों के वैचारिक संगठन की आवश्यकता है ताकि शिक्षकों की सृजनात्मक क्षमता एवम रचनात्मक कार्य के साथ जुड़कर समाज में संवाद स्थापित किया जा सके। संकुल प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

संस्था प्रमुख बेस्ट स्कूल लीडरशिप अवार्ड एल तुली, प्रभावती साहू, चेतन यादव, भोजकुमारी नुरूटी, राजेश साहू, जितेंद्र सोनी, गुणेश्वरी ठाकुर, भगवंतीन सिन्हा, आसिफ रिजवी, तरूण बाला बैस, दीनदयाल साहू, रीना थामस, राजेश सोनी, कमलनारायण साव, गौतम पटेल, कांतिकमल साव, राकेश कुमार भेंडिया संकुल समन्वयक को सम्मानित किया गया।

चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों में सृजन गौरव अलंकरण से नेमसिंह साहू, जरीन खान, सुषमा तिवारी, सरिता काबरा, समीर कुमार रावत, धर्मेंद्र साहू, कीर्तन लाल पटेल, सूर्यकांत पटेल, हेमलता साहू, भुवनेश्वरी सोनकर, दीपक यादव, शारदा यादव, लीलेश्वरी साहू, जागृति देशमुख,





समीक्षा निषाद, मदन मोहन खटुवा, तहसीन खान, श्रद्धा यदुवंशी, मधु श्रीवास्तव, अंजू सोनी, गायत्री ढीमर, रिया पाठक, रेखा देशमुख, पुष्पलता निषाद, कौशल्या साहू, लक्ष्मी यादव, जयप्रकाश देवांगन, छगन यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सोनी, कैशरीन बेग तथा आभार प्रदर्शन राकेश भेंडिया ने किया। एनटीसीएफ सदस्य विवेक धुर्वे, बिंदिया रानी एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम डोंडी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य बीएस वद्दन एव अन्य शिक्षकों मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने सभी शिक्षकों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इसके साथ ही बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्राचार्य श्री वद्दन ने बच्चों को गुरु के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को जीवन में सफलता का मूलमंत्र बताया। इस अवसर पर शाला में विशिष्ट योगदान के लिए बेस्ट टीचर के रूप में हिंदी माध्यम से वरिष्ठ व्याख्याता एनडी साहू एवं अंग्रेजी माध्यम से लिट्टी फ्रांसिस को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई शाखा डोंडी के शाखा प्रबंधक एवं स्टाफ द्वारा सभी शिक्षकों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निकांक्षा साहू तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य बीएस वद्दन ने किया। इसके साथ ही उन्होंने 10 वीं व 12वीं बोर्ड की आगामी परीक्षा में संस्था के दोनों माध्यम से मेरिट में आने वाले विद्यार्थी को 5000 रूपए का नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की।



## सशिमं करहीभदर में शिक्षकों के लिए हुईं विविध खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्त आश्रम हथौद करहीभदर में विद्यालय के बच्चों ने शिक्षक दिवस पर सेवा निवृत्त शिक्षक अध्यक्ष महर्षि मुक्त शिक्षण समिति जागेश्वर सिंह साहू एवं प्राचार्य पवन कुमार साहू, बसंत कुमार पांडेय एवं विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी के आतिथ्य में विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया ।

विद्यालय के भैया बहनों ने अपने समस्त गुरुजनों का पुष्प गुच्छ, बेच लगाकर व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। जागेश्वर सिंह साहू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्राचार्य पवन कुमार साहू ने गुरु महिमा पर प्रकाश डाला। उसके बाद भैया बहनों द्वारा अपने गुरुजनों के लिए गोला फेंक, कुर्सी दौड़ और मटका फोड़ गुब्बारा फोड़ सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दशम के भैया बहनों ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य बसंत कुमार पांडेय, भोजराम अटनागर, खुनेश्वर गजेंद्र, भंवर लाल साहू, ठाकुर राम साहू, घनाराम साहू, चंद्र प्रकाश ठाकुर, हेमेंद्र कुमार यादव, दामिन साहू, डेमिन यादव सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन काजल साहू एवं झरना साहू ने किया।



## सदस्यता महाभियान प्रभारियों को दी गई आवश्यक सामग्री



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 2 सितंबर से प्रारम्भ हुए सदस्यता महाअभियान के लिए शहर मंडल में नियुक्त सदस्यता अभियान के प्रभारियों की बैठक रखी गई। इस दौरान उन्हें सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश यादव ने शक्ति केंद्र प्रभारियों से कहा कि अभियान में सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए समय निकालकर अधिक सदस्य बनाना है। इसमें सदस्यता अभियान के लिए निर्धारित सभी दिशा निर्देशों का पालन करना है। हर घर में पहुंचकर सदस्य बनाना है, ताकि जिला नेतृत्व से मिले लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो। इस अवसर पर इस दौरान मंडल प्रभारी राकेश यादव, जिला सदस्यता अभियान प्रभारी कमलेश सोनी, जिला मंत्री अमित चोपड़ा, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, मंडल महामंत्री संतोष कौशिक, राजू पटेल, विनोद जैन, राकेश बाफना, महेश पाठक, भवानी शर्मा, कमलेश निषाद, कमलेश गौतम उपस्थित थे।



### पेंडरवानी में सरपंच सत्यवान ने तिजहारिनों को खिलाया करूभात

**गुरूर।** ग्राम पंचायत पेंडरवानी में सरपंच सत्यवान साहू ने अपने ग्राम पहुंची बेटियों को सामूहिक रूप से करूभात खिलाया। इस कार्य में ग्रामीणों ने सहयोग प्रदान किया।

## सतमारा में तिजहारिनों को खिलाया गया करुभात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मनोकामना पूर्ति करुभात समिति एवं समस्त ग्रामवासी सतमारा के तत्वावधान में तीजहारिन बहनों के लिए करूभात का कार्यक्रम रखा गया था। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक आंचलिक खोडवा कुबरा नाचा पार्टी ग्राम सूदखोड बालोद का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य प्रदेश समिति भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे, अध्यक्षता सरपंच योगिता मोतीलाल साहू ने की। कार्यक्रम के दौरान डॉ गंजीर ने सभी बहनों को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जनपद सदस्य गुण्डरदेही तेजराम साहू, निजी चिकित्सक संघ ब्लॉक गुरुर अध्यक्ष डॉ लीलाराम बनपेला, निजी चिकित्सक संघ ब्लॉक गुण्डरदेही अध्यक्ष डॉ रोहित साहू, डॉ डामन लाल, डॉ परमेश्वर जेठमल, डॉ रूपेश्वर साहू, डॉ युगल किशोर सिंह, उपसरपंच भोज राम साहू, अवध राम सिन्हा, छबिलाल धनकर सहित पंच एवं ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में तिजहारिनें उपस्थित थे।



## सड़क किनारे झाड़ियों के कारण हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में विभाग की लापरवाही से राहगिरों को परेशानी हो रही है। विभाग द्वारा सड़क किनारे कालर की सफाई लंबे समय से नहीं की गई है। इसके कारण सड़क किनारे का कालर खरपतवारे से भर गया है। इसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच यदि कोई वाहन सड़क किनारे खड़ा हो जाए, तो आधी सड़क घिर जाती है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। यह फोटो गुरूर से बालोद जाते समय मार्ग की है।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार



हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

HI TEK
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
HI TEK SUPER SPECIALITY HOSPITAL inspiring better health
AMBULANCE & EMERGENCY CALL : 0788 4056666



अस्थिरोग विभाग
(ऑर्थोपेडिक्स)
हादसों, खेलकूद के दौरान लगी चोट, खिंचाव, जोड़ों का दर्द, गठिया, चलने-फिरने में परेशानी, घुटना, पीठ एवं कूल्हे की जकड़न, सभी प्रकार की आर्थोपेडिक सर्जरी तथा जोड़ों का प्रत्यारोपण
अन्य विशेषज्ञ सेवाएं
● स्नायुरोग ● पाचन तंत्र
● चेहरा/जबड़ा (मैक्सिलोफेशियल)
● कार्डियोलॉजी ● फिजियोथेरेपी
● कान-नाक-गला (ईएनटी)
● 24 घंटे डायलिसिस



जुनवानी रोड, सूर्या टीआई मॉल के पास, स्मृति नगर, भिलाई
Call : 0788 4056666, 7389192333 Visit : hitekhospitals.com

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### शक्ति केंद्र क्र 3 में रखी गई भाजपा की बैठक



**बालोद।** गंजपारा के भाजपा कार्यालय में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्र क्रमांक 3 की बैठक रखी गई। इस दौरान सदस्यता अभियान संबंधित प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। राजू पटेल ने सदस्यता अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में शक्ति केंद्र 3 के प्रभारी एवं जिला व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक राजू पटेल, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, सदस्यता अभियान टोली के सदस्य राकेश बाफना, रमेश मालेकर, यूसुफ खान, समीर खान, दुष्यंत मनहर, दयाल बघेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।